हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 27 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 39 .7 डिग्री
न्यूनतम 20 .5 डिग्री


12 नपा निर्वाचित अध्यक्ष रजत मलिक ने संभाला कार्यभार





12 मेयर शैलजा सचदेवा की ताजपोशी फीकी




## खबर संक्षेप

### ससुराल नहीं आई दुल्हन, केस दर्ज

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में सुनील कुमार निवासी हाउसिंग बोर्ड, हुडा सेक्टर छह ने बताया कि उसका विवाह पप्पू चौहान ने उनसे 1 लाख 11 हजार रुपए लेकर आठ फरवरी को पानीपत के राधे श्याम मंदिर में उनकी शादी करवाई। 14 फरवरी की शाम को दुल्हन अपने भाई के साथ अपने मायके चली गई, लेकिन इस के बाद वह लौट कर सुसराल नहीं आई। वहीं, पुलिस ने सुनल की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### हत्या के इरादे से गया युवक चाकू समेत काबू

**पानीपत।** गांव चंदौली में दिनेश नामक युवक चाकू लेकर अनिल के घर में घुस गया। इस दौरान घर पर अनिल घर पर नहीं था, जबकि पत्नी सुनीता व पुत्र अंश घर पर ही थे। हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस को दी शिकायत में अनिल ने आरोप लगाया कि दिनेश का इरादा उसकी पत्नी व पुत्र की हत्या करने का था। इधर, पुलिस ने दिनेश को गिरफ्तार कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण के बैंक खाते से 71 हजार रुपये निकाले

**पानीपत।** पानीपत के गांव नैन निवासी शीशपाल के बैंक खाते से अज्ञात लोगों ने 71 हजार रुपये की निकासी कर ली। वहीं शीशपाल की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने नगदी ठगने व धोखाधडी करने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कर्मचारी से मारपीट कर नकदी व मोबाइल लूटा

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 पार्ट दो स्थित इंडिगो पेंट्स लिमिटेड में कर्मचारी मृत्युंजय झा निवासी विकास नगर, पानीपत के साथ 25 मार्च की रात को दो बदमाशों ने मारपीट कर 25 हजार रूपये की नगदी व मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। इधर, पीडित की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने दो अज्ञात युवकों पर लूट के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सात बाल श्रमिक रेस्क्यू कर देखभाल गृह भेजे

**पानीपत।** ऑपरेशन स्माइल के तहत पानीपत में कच्चा कैंप बाजार से बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया गया। वहीं, दुकानों पर काम कर रहे 10 से 14 साल की उम्र के सात बच्चों और एक गुमशुदा बच्चे को मानव तस्करी विरोधी इकाई ने एमडीडी ऑफ इंडिया के सहयोग से रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया।

### मुनीम व उसके साथी से लूट के चार आरोपी काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने फ्रुट कंपनी के मुनीम व उसके साथी के साथ हुई 3 लाख रुपये लूट की वारदात का 24 घंटे में पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों मासूम निवासी गांव गढ़ी दौलता शामली, ओवेश, आसिर व हुसैन निवासी गांव लंडौरा गुर्जर सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना चांदनी बाग में नितेश पुत्र सुरेंद्र निवासी दुबालिया भागवत परसा गोपाल गंज बिहार हाल अगम फ्रुट कंपनी रिसालू रोड की शिकायत पर केस दर्ज है।

### युवक ने घर में फंदा लगाकर दी जान

**पानीपत।** विजय नगर निवासी 19 वर्षीय सूरज ने अपने घर पर ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर, सूरज के पिता ने बताया कि सूरज रोजगार के लिए दिल्ली जाना चाहता था। परिजनों ने इंकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर सूरज ने घर पर ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# पॉलीथिन का इस्तेमाल बंद करें उद्योगपति : राव नरबीर

देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में देना होगा अहम योगदान

## प्रदर्शनी में लगाए गए उत्पादों का भी अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- लघु उद्योग भारती ने किया उत्तर श्रेत्रीय सम्मेलन का आयोजन

उद्योग, पर्यावरण एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा विश्व की तीसरी अर्थव्यस्था बनाने में उधमियों के साथ लोगों का अहम योगदान देना होगा। उद्यमी आयात को बढ़ाते हुए देश को आगे ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण निभाएं। उद्योग मंत्री बधुवार को अंबाला शहर के किंगफिशर पर्यटन स्थल में लघु उद्योग भारती द्वारा उतर श्रेत्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, मेयर शैलजा सचदेवा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष विनोग बंसल व अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि कैबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला को पर्यावरण का प्रतीक पौधा व स्मति चिंह भेटकर उनका अभिनंदन किया। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। इस इतिहास को रचने में सभी तबके के लोगों एवं हर वर्ग के लोगों ने अपना अहम योगदान दिया है। इस नाते सरकार निरंतर हर वर्ग का ध्यान रखते हुए जनहित के कार्य कर रही है। इसी कड़ी में उद्योग जगत से जुड़े उधमियों ने भी अपना योगदान देते हुए सरकार बनाने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री हैं। उनका सौभाग्य है कि उन्होंने 7 मुख्यमंत्रियों के साथ कार्य किया है। सातवीं बार वे कैबिनेट मंत्री बने हैं।



**अंबाला।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते मंत्री राव नरबीर सिंह।

### ›› मिलेगी जानकारी

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने उत्तर श्रेत्रीय सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि यहां आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमियों को महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी जिससे वे अपने आयातों को बढ़ा सकेंगे। बजट में उद्यमियों के लिए अनेक घोषणाएं की गई हैं जिनसे उनसे राहत मिलेगी। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता ने गतिविधियों एवं उपलब्धियों बारे जानकारी दी।

### बढ़ता प्रदूषण हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या

उन्होंने इस मौके पर उपस्थित उधमियों के साथ-साथ अन्य सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने बारे कहा। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण हमारे लिए एक समस्या है और इस समस्या से निपटने के हमें आगे आना है, पोलीथीन का प्रयोग नहीं करना है। उद्धमी अपने उत्पाद को तैयार करने के उपरांत उसे पैक करने के लिए पोलीथीन की बजाए ऐसा कोई चीज तैयार करें जोकि प्रदूषण रहित हो। आने वाली पीढ़ियों को अच्छा वातावरण देने में हम सबको अपना योगदान देना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने किंगफिशर पर्यटन स्थल के परिसर में सीएसआर द्वारा लगाई गई प्रर्दशनी का अवलोकन भी किया।

पानी की गुणवत्ता को मशीन के माध्यम से अपने सामने चेक भी किया। इसके साथ-साथ प्रदर्शनी में लगाए गए अन्य उत्पादों का भी अवलोकन करते हुए उनकी सराहना भी की। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि लघु उद्योग भारती एक राष्ट्रीय संगठन है। उद्यमी केन्द्र व राज्य सरकार के बीच एक सेतू का काम करते हुए राष्ट्र हित के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में लघु उद्योग भारती के 52688 सदस्य हैं।

# नोट दुगने करने के बहाने ठगने वाला गिरोह पकड़ा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने नकली नोट देने के बहाने लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने धोखाधड़ी के आरोप में शैंकी वासी अमलोहा संजीव कुमार उर्फ रिंकू वासी महमदपुर व राहुल वासी गुदियानी जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि शैंकी वासी अमलोहा संजीव कुमार उर्फ रिंकू वासी महमदपुर व राहुल वासी गुदियानी जिला यमुनानगर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लोगों को डबल पैसे करने का झांसा देकर पैसे ऐंठ लेते हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने एक डिकॉय भेजा। डिकॉय के इशारे पर पुलिस टीम ने अनाज मंडी शाहाबाद के गेट पहुंचकर तीन लड़कों को काबू किया। तलाशी लेने पर उनके पास से नकली नोट बनाने का सामान बरामद हुआ।

### कारावास भेजे

प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि पहले आरोपी मशीन में नकली नोट बनाने का नाटक करते और किसी भी व्यक्ति को असली नोट देकर दुकान पर भेज देते और नोट चलाने के लिए कहते हैं। जब व्यक्ति नोट लेकर दुकान पर जाता और सामान खरीदता तो नोट चल जाता क्योंकि नोट असली होता है। आरोपी उस व्यक्ति को लाखों रुपये के नकली नोट देने के नाम से ठगी करते थे। आरोपियों को अदालत के आदेश पर कारागार भेज दिया।

# अवैध खनन करने पर 17 वाहनों के काटे चालान

- जिले में अभियान के तहत की 2539 वाहनों की चैकिंग
- जिला प्रशासन व खनन विभाग चला रहा है चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन करने वाले वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के तहत बीती रात 2539 वाहनों की चैकिंग की गई।

इस दौरान एक वाहन को सीज किया गया और 17 वाहनों के चालान कर 5 लाख 65 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1505 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटी विभाग द्वारा एक वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 326 वाहनों की चैकिंग के दौरान 12 वाहनों का चालान कर 97 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 502 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन का चालान कर 37 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 206 वाहनों की चैकिंग के दौरान 4 वाहनों के चालान कर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।



**यमुनानगर।** चैकिंग अभियान के तहत वाहन का चालान करते हुए खनन विभाग की टीम।

# पानीपत में ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया से जीटी रोड तक बनेगा आरओबी

- 46 करोड़ की लागत आएगी शहर में ट्रैफिक सुचारू होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में ट्रैफिक जाम की समस्या कम करने की दिशा मे सरकार द्वारा एक और प्रयास किया जा रहा है।

ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया से जीटी रोड तक बनने जा रहे आरओबी का टेन्डर जारी कर दिया गया है। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के दूरगामी सोच का प्रमुख हिस्सा रहे इस आरओबी के निर्माण से शहर मे ट्रैफिक व्यवस्था में बेहद सुधार होगा। आरओबी के निर्माण में लगभग 46 करोड़ की लागत आएगी एवं इसका निर्माण कार्य दो साल में पूर्ण होगा।

जीटी रोड से ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया एवं असंध रोड से लगी हुई कॉलोनी वासियों को जीटी रोड पर आने में समय की बचत होगी साथ में दूरी भी कम होगी।

### होगा विकास : विज



विधायक प्रमोद विज ने फ्लाइओवर के टेन्डर लगाने की जानकारी देते हुए कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा एवं शहर के चहुंमुखी विकास हेतु भविष्य में और भी कार्य करते रहेंगे।

# साली की फेक आईडी बना गलत कमेंट किया वायरल

- पुलिस ने आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एक व्यक्ति ने अपनी साली की फेसबुक पर फेक आईडी बनाकर उस पर गलत कमेंट करके वायरल कर दिया। महिला के पति ने जब सोशल मीडिया पर उसकी फेक आईडी देखी तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरस्वती नगर निवासी गौरव उसका जीजा लगता है। उसकी बहन का आरोपी गौरव से तलाक हो चुका है।

इसके बाद से आरोपी गौरव उससे रंजिश रखे हुए है। महिला ने बताया कि आरोपी गौरव ने फेसबुक पर उसके नाम से फेक आईडी बनाई। आरोपी ने फेक आईडी पर उसकी फोटो लगाकर गलत कमेंट कर वायरल कर दिया। जब उसके पति ने उसकी फेक आईडी पर गलत कमेंट देखे तो उसके पति ने उसे इसके बारे में बताया। उसने आरोपी के खिलाफ साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### व्यापारी का शव झाड़ियों से बरामद, हत्या का शक

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी के पास झाड़ियों से व्यापारी 41 वर्षीय प्रवीण निवासी सौदापुर का शव बरामद हुआ है। प्रवीण के शरीर पर चोट के निशान थे।

पुलिस ने घटनास्थल से शराब की एक बोतल, जहर की डिब्बी और प्लास्टिक के चार गिलास बरामद किए हैं। मृतक के भाई सुरेश कुमार ने बताया कि प्रवीण मंगलवार सुबह घर से फैक्ट्री जाने के लिए निकला था। जब रात को घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की गई थी। वारदात के दिन उसके खाते में 10 लाख रुपए भी ट्रांसफर हुए हैं। दावा किया है कि प्रवीण नशा नहीं करता था और उन्होंने अपने भाई की हत्या की आशंका जताई है। इधर, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रवीण की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सचिवालय के सामने दिया धरना

- मांगों को लेकर नारे लगाए, तीन दिन तक चलेगा विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने बुधवार को जिला सचिवालय के सामने धरना दिया। दोपहर बाद तक वर्कर धरने पर डटी रहीं और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारे लगाए। यह प्रदर्शन तीन दिन तक चलेगा।

धरने की अध्यक्षता राज्य प्रधान रूपा राणा ने की व संचालन जिला उपप्रधान रीना ने किया। यूनियन नेताओं के अनुसार, आंगनबाड़ी वर्करों को विभाग द्वारा तीन जीबी रैम वाले मोबाइल फोन दिए गए हैं, लेकिन पोषण ट्रैकर ऐप के लगातार अपडेट के कारण ये फोन सही तरीके से काम नहीं कर रहे। टीएचआर (टेक होम राशन) भरते समय हर बार एक ही व्यक्ति का फोटो अपलोड करने की अनिवार्यता है, जबकि कभी दादी, कभी मां राशन लेने जाती हैं। ओटीपी वेरिफिकेशन की शर्त विभाग ने लगाई है, जबकि गरीब परिवार साइबर ठगी के डर से ओटीपी साझा करने से हिचकिचाते हैं। आंगनबाड़ी वर्करों के पास जो फोन उपलब्ध हैं, उनकी क्षमता कमज़ोर है, ऐप ठीक से काम नहीं करता, जिससे वर्करों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर उपप्रधान सर्वेश राणा, ममता, बबीता, कांता, रीना, सरोज, ललिता, राजेश, ओमप्रकाश माटा, सतपाल सैनी, जगपाल राणा, मनोज कुमार, सत्या, नीलम, शालिनी, नरेश, सुखविंद्र व रीटा ने संबोधित किया।



**करनाल।** जिला सचिवालय के सामने धरने पर बैठी आंगनबाड़ी वर्कर्स।

### ये मांगें रखी

इस मौके पर राज्य प्रधान रूपा राणा ने मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि बर्खास्त वर्करों को तुरंत बहाल किया जाए। खाली पड़े पदों पर भर्ती की जाए। प्रमोशन को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए। आंगनबाड़ी वर्कर को अपने केंद्र के अलावा अन्य केंद्रों का काम करने पर अलग से मानदेय दिया जाए। हेल्पर के खाली पड़े पदों को जल्द भरा जाए। मानदेय का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## साढ़े चार किलोमीटर लंबाई में 12.87 करोड़ से बनेगा पर्यटन स्थल

# यमुना के किनारे विकसित होगा रिवर वाटर फ्रंट

- नगर निगम के आयुक्त आयुष सिन्हा ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा दिव्य नगर योजना के तहत शहर के ओपी जिंदल पार्क से पुराना सहारनपुर रोड के फतेहपुर पुल तक पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर वाटर फ्रंट विकसित किया जाएगा। लगभग साढ़े चार किलोमीटर लंबाई में पश्चिमी यमुना नहर के किनारे यह रिवर वाटर फ्रंट बनेगा।

सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 12 करोड़ 87 लाख 83 हजार रुपये खर्च होंगे। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने दी। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि रिवर वाटर फ्रंट प्रोजेक्ट के तहत पश्चिमी यमुना नहर किनारे ओपी जिंदल पार्क के पीछे से आजाद नगर, चिट्टा मंदिर से पटरी पर यह रिवर वाटर फ्रंट बनाया जाएगा। इसमें लगभग 600 मिली मीटर चौड़ा लैंडस्केप एरिया, 2000 मिमी चौड़ा फुटपाथ, निकासी के लिए नाली, 1050 मिमी ऊंची पत्थर की दीवार पर 1200 मिमी ऊंची बाड़ लगाने वाली जाली लगेगी। चौड़ी सड़क व फुटपाथ के साथ फेंसिंग, उद्यान, बैठने के लिए सुंदर व आकर्षक डिजाइन के बैंच, फैंसी लाइटिंग, हरियाली व अन्य व्यवस्थाएं की जाएगी। नहर किनारे रिवर वाटर फ्रंट विकसित होने से शहर को एक नया रूप मिलेगा। लोगों को नहर किनारे आनंद लेने का मौका मिलेगा। यह शहरवासियों और पर्यटकों के लिए मनोरंजन और आनंद का भी साधन होगा। नहर के आसपास के क्षेत्र को हराभरा और सुंदर बनाया जाएगा।

रिवर वाटर फ्रंट शहर में पर्यटन को बढ़ावा देगा। रिवर वाटर फ्रंट से लोगों को नदी के किनारे टहलने, बैठने, पिकनिक करने और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।



**यमुनानगर।** पश्चिमी यमुना नहर के किनारे बनाए जाने वाले रिवर वाटर फ्रंट के डिजाइन का नक्शा तथा जानकारी देते निगमायुक्त आयुष सिन्हा (इनसेट में)।

### नहर के पानी की गुणवत्ता में होगा सुधार

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि रिवर वाटर फ्रंट के लिए निर्धारित जगह के आसपास आजाद नगर, चिट्टा मंदिर रोड, शांति कॉलोनी समेत विभिन्न रिहायशी कॉलोनियों हैं। जहां घनी आबादी है। रिवर फ्रंट बनने से नहर किनारे कचरा जमा नहीं होगा। इसके अलावा नालियों व नालों का गंदा पानी सीधा नहर में नहीं जा पाएगा। इससे प्रदूषण कम करने की प्रक्रियाओं के माध्यम से नहर के पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा। बरसाती जल प्रबंधन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रिवर वाटर फ्रंट पर सड़क, फुटपाथ व पत्थर की दीवार बनने के साथ साथ फैंसी डेकोरेटिव लाइट भी लगेंगी। ताकि रास्तों और सड़कों पर उचित प्रकाश की व्यवस्था से रात के समय दृश्यता सही रहे। इससे अपराध और दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी।

# कैंटर की टक्कर से महिला की मौत और पति घायल

- आंखों की दवाई दिलवाने के बाद बाइक पर घर लौट रहा था दंपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के अग्रसेन चौक के पास कैंटर की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि दंपति बाइक पर आंखों की दवाई लेने के लिए आए थे। जब वह दवाई लेकर वापस लौट रहे थे तो हादसा हुआ। अनुसार गांव ललहाड़ी कला निवासी सुखबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी 53 वर्षीय निर्मला को बाइक पर आंखों की दवाई दिलवाने के लिए यमुनानगर आया था।

### जगाधरी के अग्रसेन चौक के पास हादसा

दोपहर को करीब एक बजे जब वह दवाई लेकर वापस लौट रहे थे तो जगाधरी के अग्रसेन चौक के पास कैंटर चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद उसकी पत्नी सड़क पर जा गिरी। जिससे कैंटर का पिछला पहिया उसकी पत्नी को रौंदता हुआ आगे निकल गया। हादसे में उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वह घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद आरोपी कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया।

**खबर संक्षेप**

## बर्गर खाने आए दोस्तों पर दुकानदार ने साथियों के साथ किया चाकू से हमला

**यमुनानगर।** जिले के थाना बुड़िया क्षेत्र में एक दुकान पर बर्गर खाने पहुंचे दो दोस्तों पर दुकानदार ने अपने भाई, रिश्तेदार व कर्मचारी के साथ मिलकर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। खून से लथपथ हालत में दोनों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुकानदार समेत चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव लाहोरी वाला निवासी सचिन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंगलवार देर शाम अपने दोस्त जयरामपुर निवासी विशाल के साथ बर्गर खाने के लिए अपने परिचित गुप्ता मिष्ठान भंडार पर गया था। इस दौरान उन्होंने दुकान मालिक विवेक से बर्गर देने को कहा तो उसने बड़बड़ाते हुए कहा कि मुफ्त में खाने आ गए। इस पर उसके द्वारा कहा गया कि वह तो हर बार खाने के बाद पैसे देकर जाता है। इसी बात पर बहस हो गई और विवेक ने अपने भाई अभिषेक, साले शिवम व दुकान पर काम करने वाले लड़के गोली के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी और इसी बीच विवेक ने मोमोज काटने का चाकू उठा कर उन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। शोर सूनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों से उन्हें छुड़वाया और गंभीर हालत में अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अभिषेक,विवेक, शिवम व गोली के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


### यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने निगम कार्यालय में संभाला पदभार

# समय पर जनता के काम करना होगी प्राथमिकता, कोताही बर्दाश्त नहीं: मेयर

■ परिवार के साथ निगम कार्यालय पहुंची मेयर सुमन बहमनी।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में पदग्रहण करने के दौरान मेयर सुमन बहमनी का स्वागत करते हुए निगम कर्मचारी व अन्य।



**रादौर।** पंचमुखी हनुमान मंदिर बसातियावाला में पार्षदों का स्वागत करते मंदिर कमेटी के प्रधान सुखबीर सिंह व अन्य। *फोटो: हरिभूमि।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर की नवनिर्वाचिच मेयर सुमन बहमनी ने पंचकूला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के बाद बुधवार को निगम कार्यालय में पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान निगम के कर्मचारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

बुधवार सुबह मेयर सुमन बहमनी परिवार केसाथ निगम कार्यालय में पहुंची। उन्होंने सबसे पहले निगम कार्यालय की दहलीज पर माथा टेक निगम कार्यालय में प्रवेश किया। इस दौरान हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, महामंत्री कृष्ण सिंगला व पूर्व चेयरमैन रोजी मालिक आनंद ने मेयर को पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान निगम के सभी पार्षद भी मौजूद रहे। अपना कार्यभार संभालते ही मेयर सुमन बहमनी ने बातचीत करते हुए कहा कि उनकी विकास ही प्राथमिकता है। विकास ही विजन है और विकास के संकल्प के साथ ही हम सभी काम करेंगे। वह सभी अधिकारियों और पार्षदों के साथ व जनता के सहयोग से शहर को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का प्रयास करेंगी। निगम से जुड़े जो भी मुद्दे हैं सब विषयों पर निगम अधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठ कर योजनाबद्ध तरीके से इन सभी विषयों पर कार्य किया जाएगा। जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए हम काम करेंगे। हमारा यह प्रयास रहेगा कि पूरी पारदर्शिता के साथ जनता के सभी कार्य हो। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि ट्रिपल ईंजन की सरकार यमुनानगर को एक नई उड़ान देगी। विकास के संकल्प के साथ हम विकसित हरियाणा और विकसित यमुनानगर की दिशा में काम करेंगे।

### नवनिर्वाचित पार्षदों ने सुबह बसातियांवाला पंचमुखी हनुमान में पहुंचकर की पूजा अर्चना

**रादौर।** नगरपालिका रादौर के नवनिर्वाचित पार्षदों ने बिलासपुर के गांव बसातियांवाला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और माथा टेककर अपने और अपने परिवार समेत सभी नागरिकों के लिए सुख शांति एवं स्मृद्धि की मंगलकामना की। मौके पर नवनिर्वाचित पार्षदों का मंदिर में पहुंचने पर मंदिर कमेटी के प्रधान सुखबीर सिंह व अन्य सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया।

नवनिर्वाचित पार्षद जसवंत सिंह बंचल ने बताया कि नपा के पार्षदों समेत उन्होंने पदभार ग्रहण करने से पहले पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत कई धार्मिक तीर्थ स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना की। ताकि वह अगले पांच वर्ष तक इलाके की जनता के लिए पूरी निष्ठा और कर्त्तव्यपरायणता से सेवा कर सकें। इस दौरान हनुमान मंदिर कमेटी के प्रधान सुखबीर सिंह ने सभी पार्षदों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित पार्षदों द्वारा पदग्रहण करने से पहले धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर पूजा अर्चना करना बेहद ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने सभी पार्षदों के लिए भगवान हनुमान से अपना कार्य निष्ठा पूर्वक करने और रादौर का समान रुप से विकास कार्य करवाए जाने के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षद भगवतदयाल कटारिया, जसवंत सिंह बंचल, श्रीकांत मोंटी, ऋषिपाल नंबरदार, स्मृति रानी, बबली देवी, बेअंत कौर, राजीव आर्य सन्नी, अमनदीप छोटाबांस, सुशील बत्रा, संदीप छोटाबांस मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर में श्रमदान करते हुए एनएसएस के विद्यार्थी।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

■ महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के एनएसएस के विद्यार्थियों का एक दिवसीय एनएसएस शिविर

■ विद्यार्थियों ने श्रमदान कर विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग, मांडखेडी गांव में ग्रामीणों से की बातचीत

महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय जगाधरी में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान एनएसएस के विद्यार्थियों ने संस्थान परिसर व आसपास के इलाके में साफ सफाई व श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान एनएसएस विद्यार्थियों को उद्यमिता कौशल के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की प्राचार्या डॉ. करुणा ने की। वहीं, अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गौरव बरेजा व डॉ. उषा देवी ने की।

शिविर में मुख्य वक्ता आरुषी नेगी व सुमित पाहवा ने स्वयंसेवकों को सबसे पहले उद्यमिता के गुर सिखाए। इसके बाद स्वयंसेवकों ने कॉलेज नर्सरी में श्रम दान किया और साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने गोद लिए गए क्षेत्र मांडखेडी की टपरियों में जाकर समस्याओं पर ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक उपाय भी सुझाए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा ने कहा कि देश का युवा प्रशिक्षित और रचनाशील होगा तभी देश के निर्माण में श्रम दान का योगदान दे सकेगा। उन्होंने स्वयसंवकों को यह भी बताया कि किस प्रकार वह कार्यक्रमों में भाग लेकर व्यक्तित्व विकास एवं मानसिक विकास के अग्रिम चरणों को प्राप्त कर सकते हैं।

## पिता पुत्र पर पंचायती जमीन कब्जा कर मोबाइल टावर लगवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

■ गांव कंडरोली का मामला, 2006 में लगावाया था मोबाइल टॉवर, खुद कमा रहे थे मुनाफा

■ बीडीपीओ की शिकायत पर पुलिस ने किया धोखाधड़ी का केस दर्ज, अभी गिरफ्तारी नहीं

जठलाना थाना क्षेत्र के गांव कंडरोली में पिता पुत्र पर पंचायती जमीन पर कब्जा कर मोबाइल टावर लगवाने का आरोप है। आरोपी 2006 से मोबाइल टावर लगवा कर खुद को आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं। पुलिस ने बीडीपीओ की शिकायत पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रादौर के बीडीपीओ श्यामलाल ने जठलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव कंडरोली निवासी सुरेंद्र सिंह व उसके पिता भरत सिंह ने पंचायती जमीन पर कब्जा कर 2006 में मोबाइल टावर लगवा दिया था। उसके बाद से आरोपी इसका आर्थिक लाभ ले रहे हैं। सूचना के आधार पर उसने इसकी जांच करवाई। जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। उन्हें इस बारे आरोपियों से बात की। मगर आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## मंदिर में पूजा करने आई महिला का नकदी व गहनों के साथ पर्स चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित साईं मंदिर में देर शाम माथा देखने आई महिला का पर्स चोरी हो गया। पर्स में दो हजार रूपये तथा सोने के टॉप्स थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार न्यू हमीदा कालोनी निवासी रितु रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात करीब साढ़े आठ बजे शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित साईं मंदिर में माथा देखने के लिए आई थी। जब वह मंदिर में माथा टेकने के लिए गई तो उसने अपने पर्स को साइड में रख दिया। जब वह माथा टेक कर बाहर आई तो वहां से उसका पर्स गायब था। महिला ने बताया कि उसके पर्स में दो हजार रूपये तथा सोने के टॉप्स थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

### बस में चढ़ते समय वारदात

श्याम विहार कॉलोनी ससौली निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह 26 मार्च को दोपहर डेढ़ बजे शहर के कमानी चौक के पास से बस में चढ़ने लगा। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने जेब से उसका पर्स चोरी कर लिया। उसके पर्स में साढ़े छह हजार रुपयेए आधार कार्डए सीनियर सिटीजन कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। जब वह टिकट लेने के लिए जेब से पर्स निकालने लगा तो उसे पर्स चोरी होने के बारे में पता चला। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरूकर दी।

## अवैध हथियारों के साथ दो युवक को किया गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

सीआईए टू ने अवैध हथियारों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चार पिस्टल, दो पिस्टल मैगजीन, एक रिवाल्वर व 51 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपियों से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

डीएसपी आशीष चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने जिले में अवैध हथियार रखने वालों समेत अन्य आपराधियों की धर पकड़ करने के लिए सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हुए हैं। इसी कार्रवाई के चलते पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा दो ने



अवैध हथियार रखने वाले महेश नगर अंबाला कैंट निवासी सचिन व सेक्टर 23 डिफेंस कॉलोनी अंबाला निवासी केवल सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने अभी तक 4 पिस्टल, दो पिस्टल मैगजीन, एक रिवाल्वर व 51 जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।



### विद्यार्थियों ने ड्रोन क्राफ्टिंग व यूएवी तकनीक सीखी

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में बुधवार को ड्रोन क्राफ्टिंग व यूएवी तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। 93 छात्रों ने ड्रोन असेंबली, फ्लाइट मैकेनिक्स, ट्रबलशूटिंग और औद्योगिक अनुप्रयोगों की जानकारी दी। कार्यशाला का नेतृत्व विपुल मौर्य, डीजीसी, प्रमाणित ड्रोन पायलट, भारतीय ड्रोन प्रौद्योगिकी संस्थानए डोडी (मध्य प्रदेश) के तकनीशियन द्वारा किया गया। विपुल मौर्य ने ड्रोन डिजाइन, वायुगतिकी व रीयल टाइम फ्लाइट सिमुलेशन की मूल बातें समझाई। जिसमें रक्षा, अंतरिक्ष अन्वेषण, स्मार्ट फार्मिंग, यातायात निगरानी और ई-कॉमर्स डिलीवरी जैसे क्षेत्रों में संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने ड्रोन तकनीक का महत्व बताते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्रों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराने और उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मददगार साबित होती हैं। इस मौके पर डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, डॉ.पंकज शर्मा, कपिल देव, रीतू श्योराण मौजूद रहे।

## नई शिक्षा नीति से होगा सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में बुधवार को एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 शिक्षकों ने भाग लिया। अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने की।

शिविर में मुख्य वक्ता पीआरपी मनदीप कौर ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 नीति शिक्षण को अधिक समावेशी, व्यावहारिक और कौशल-आधारित बनाने पर केंद्रित है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने नई शिक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया, बहुभाषी शिक्षा, और कौशल विकास जैसे विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह नीति शिक्षण को अधिक समावेशी, व्यावहारिक और कौशल-आधारित बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने शिक्षकों को इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को समझाया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उन्होंने नई शिक्षा नीति के चार पीलर इक्वीटी, क्वालिटी, एक्सेसिबिलिटी व अकाउंटेबिलिटी के बारे में भी जानकारी दी। नई शिक्षा नीति बच्चों में सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देती है और यह शिक्षा नीति क्रैमिंग से अंडरस्टैंडिंग की तरफ ले जाती है। मौके पर शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्कूल प्रधानाचार्या मोनिका ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य शिक्षकों में प्रभावी संवाद, समय प्रबंधन और तनावमुक्त शिक्षण की क्षमताओं का विकास करना रहा। शिक्षकों को अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने, सकारात्मक वातावरण बनाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता करने के लिए प्रेरणा मिली। प्रधानाचार्या मोनिका ने कहा कि एनईपी 2020 को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए शिक्षकों को इसे भली-भांति समझना आवश्यक है। उन्होंने मंदीप कौर के प्रयासों की सराहना की व प्रेरित किया।

### सफल आयोजन पर दी बधाई

स्कूल प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन जीएस शर्मा ने सफल आयोजन पर पीआरपी मंदीप कौर को धन्यवाद दिया और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे एनईपी के उद्देश्यों को अपने शिक्षण में लागू करें। ताकि छात्रों को समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके।



### रोटरी क्लब ने 150 जरुरतमंदों को दिए ट्राई साइकिल

**यमुनानगर।** जगाधरी नॉर्थ रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जरुरतमंद 150 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, स्टिक व श्रवण यंत्र निःशुल्क दिए। जगाधरी नार्थ जोन रोटरी क्लब का उन्हें कृत्रिण उपकरण भेंट करने पर आभार जताया। अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. शिखा ने बताया कि क्लब द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम करके समाज सेवा की जा रही है। उन्होंने बताया कि हालहि मे क्लब द्वारा पंचमुखी हनुमान मंदिर बिलासपुर में ट्री गार्ड के साथ 50 पौधे लगाए गए। वहीं, क्लब द्वारा 21 गरीब लड़कियों को उनकी शिक्षा का खर्च उठाने के लिए गोद लिया हुआ है। इसके अलावा क्लब द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर, रक्तदान शिविर, लड़कियों के लिए शौचालयों का निर्माण करवाने समेत विभिन्न परियोजनाएं क्रियांवित करके समाज सेवा की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब क्लब द्वारा जरुरतमंद 150 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग समेत विभिन्न उपकरण दिए गए।

## विश्व कविता दिवस पर डॉ. मनोज कुमार को काव्य सम्मान देकर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

विश्व कविता दिवस-2025 के अवसर पर द न्यू भारत वेब पोर्टल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यमुनानगर के डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार को हिंदी साहित्य व काव्य साधना में उत्कृष्ट योगदान एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के सम्मान स्वरूप उन्हें गोपालदास नीरज समकालीन काव्य सम्मान 2024-25 का सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से नवाजा जाने पर डॉ. मनोज कुमार ने पोर्टल का आभार जताया है।

### ये उपलब्धियां प्राप्त की

डॉ. मनोज कुमार (हरियाणा सरकार) अगस्त 2024 से एचपीएससी द्वारा चयनित हैं। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2) नागपुर भारत सरकार में पूर्व सदस्य सचिव रहे हैं। पूर्व उप प्रबंधक (राजभाषा) वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड नागपुर कोल इंडिया लिमिटेड (कोलकाता) रहे हैं। गुरुकुल कांगड़ी विवि हरिद्वार से पीएचडी की है। उन्होंने जून 2005 एवं दिसंबर 2005 में हिंदी विषय में यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण की तथा मई 2005 से अप्रैल 2010 तक जूनियर रिसर्च फेलोशिप-2 वर्ष और एसआरएफ सीनियर रिसर्च फेलोशिप-3 वर्ष के लिए चयनित हैं। जो कि यूसीजी आरजीएनएफ द्वारा प्रदत्त थी। उन्हें बिंब का प्रतिबिंब (काव्य संग्रह) वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की मौलिक हिंदी पुस्तक लेखन योजना के तहत 25 हजार की राशि से सम्मानित किया गया। उन्होंने 10 से 12 सितंबर 2015 तक भोपाल में आयोजित 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन में शिरकत की थी।

### तीन पुस्तकों का हो चुका है विमोचन



उनका तीन पुस्तकों कमलेश्वर और हिंदी पत्रकारिता, बिंब का प्रतिबिंब (काव्य संग्रह), नमामि स्वतंत्रता सेनानी भाग-1 पुस्तक प्रकाशित हो चुकी हैं। वहीं, तीन पुस्तकों पर लेखन कार्य चल रहा है। व्यंग्य के नवस्वर (व्यंग्य संग्रह) में कुछ व्यंग्य, काव्य कलश भाग-2 अंतरराष्ट्रीय सांझा संकलन (काव्य संग्रह),उनकी कविता प्रसंग (काव्य संग्रह) में कुछ कविताएं, काव्य अमृत, कथा संचय (कहानी संकलन) दिव्य चेतना (आध्यात्मिक रचनाओं का संकलन) अमर प्रेम (प्रेम पर आधारित रचनाओं का साझा संकलनद्ध) रिश्ते (रिश्तों का तानाबाना) ये रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। डीआईपीआरओ यमुनानगर डॉ. मनोज कुमार को चार वर्ष का शिक्षण अनुभव है। वहीं, पांच वर्ष का नियमित अनुसंधान का अनुभव है।

### श्रीलालद्वारा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# मनुष्य को बंधनों में बांधता हैं उसका मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

ब्रह्मलीन परम श्रधेय संत शिरोमणी देवमूर्ति दिव्य एवं तपस्वी बाबा बंसी वाले महाराज की कृपा एवं प्रेरणा से श्रीलालद्वारा मंदिर यमुनानगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास मिथलेश नंदन कौशिक महाराज ने श्रद्धालुओं को मानव मन के महत्व को समझाया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया गया और कथा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

कथाव्यास मिथलेश नंदन कौशिक महाराज ने फरमाया कि मन सभी बंधनो में बांधने का कार्य करता है। मन ही मुक्ति का कारण भी होता है। मानव को अपने मन को परमात्मा रूपी दर्पण के दर्शन कराते रहना चाहिए। जिससे मन मे कोई विकार प्रकट ना हो सकें। मन को अगर भोग विलास मे लगाकर रखते हैं तो यह नरक का रास्ता दिखाता है । यदि मन को जप तप दान सेवा मे लगा दिया जाए तो यह परमात्मा की प्राप्ति करा देता है। उन्होंने कहा कि हमारी बुद्धि हमारा मन ओर हमारा तन तीनों को एकाग्रता मे बांधकर रखना चाहिए। अन्यथा व्यक्ति के जीवन मे भटकाव शुरू हो जाता है ।

अजामिल की कथा सुनाते हुए बताया कि परमात्मा का नाम एक बार लेने से सभी पापो का नाश हो जाता है तो फिर बार बार नाम लेने से तो जन्म जन्मांतर के पाप मिट जाते हैं।



**यमुनानगर।** श्रीलालद्वारा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मन के महत्व को बताते कथाव्यास व श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

### एक बार भगवान का नाम लेकर भव हो हुए अजामिल



कथाव्यास ने फरमाया कि अजामिल ने एक बार भगवान का नाम लिया ओर भव से पार हो गया। कथा में भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। तीसरे दिन की कथा के समापन पर आरती व शाम सात बजे भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान शशि भूषण गोयल ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन शाम सात बजे भंडारा बरताया जा रहा है। मौके पर अशोक गुप्ता, प्रदीप वालिया, प्रवीण कंसल, रवि प्रकाश, कैलाश चंद गोयल,राजेश मित्तल, राधे श्याम गोयल, अतुल गोयल, सुधीर तायल, सुधीर एरान, संजय गर्ग, घनश्याम शर्मा, कंवरपाल शर्मा, धनीराम आदि मौजूद रहे।

▶▶सरस्वती तीर्थ पर युधिष्ठिर ने मृतकों की आत्मिक शांति के लिए करवाया था पिंडदान, तभी से चली आ रही परंपरा

# चैत्र चौदस मेले में उमड़ेंगे लाखों श्रद्धालु, लगाएंगे श्रद्धा की डुबकी

अभिषेक पूर्णिम ▶▶ पिहोवा

,प्राचीन एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थल पिहोवा में 27 से 29 मार्च तक तीन दिवसीय चैत्र चौदस मेला लग रहा है। 28 मार्च चैत्र चतुर्दशी को लग रहे विशाल मेले में देश भर के विभिन्न रा'यों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान व दिल्ली से लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे। इसमें सभी समुदायों के लोग भाग लेते हैं इसलिए इस मेले को सांप्रदायिक एकता का प्रतीक कहना अनुचित न होगा। पिहोवा तीर्थ जिसका पुरातन नाम पृथूदक था, को समस्त भारत वर्ष में प्राचीन एवं ऐतिहासिक तीर्थों में से एक तथा पावन माना गया है। इस धर्म स्थल को हजारों वर्ष पूर्व राजा पृथु द्वारा बसाया गया था। इस तीर्थ की पवित्रता, महानता एवं महत्वता का गुणगान कई प्राचीनतम ग्रंथो में किया गया है। विश्वामित्र, वशिष्ठ आदि षियों ने हजारों वर्ष यज्ञ व तप करके इस भूमि को और भी पवित्र बना दिया। शास्त्रोंनुसार यहां मरे हुए प्राणियों के कर्मकांड, नारायण बलि व पिंडदान करवाने से उन्हें अक्षय मोक्ष की प्राप्ति होती है। चैत्र चतुर्दशी को यहां पिंडदान का विशेष महत्व माना गया है। इसलिए इस दिन यहां विशाल मेला लगता है। मेले को लेकर शहर के मेन चौक, सरस्वती द्वार व सरस्वती तीर्थ क्षेत्र को रंगीन लडियों और लाईटों से सजाया गया है। माना जाता है कि आज से करीब पांच हजार वर्ष पूर्व जो महाभारत का युद्ध हुआ था. तब उसे युद्ध में कौरव और पांडवों के हजारों लाखों सैनिक और योद्धा मारे गए थे. इतने बड़े स्तर पर मारे गए योद्धाओं को देखकर युधिष्ठिर विचलित हो गए थे, कि उनकी आत्मा को शांति कैसे मिलेगी। तब भगवान श्री कृष्ण ने कहा था कि कुरुक्षेत्र के ही पिहोवा में पृथुदक याद सरस्वती तीर्थ पर पूजा अर्चना करने से और पिंडदान करने से सभी की आत्मा को शांति मिल जाएगी। उनके कहने पर युधिष्ठिर ने यहां पर अपने पुरुषों के लिए श्राद्ध और पिंडदान किए थे तभी से यह परंपरा चली आ रही है. यहां देवभूमि पर युगो युगांतर से मृत आत्मा की सद्गति और शांति के लिए शास्त्रों और पुराणों में भी इसका वर्णन मिलता है. इसी के चलते यहां पर दूर दराज से लोग अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध और पिंडदान करने के लिए पहुंचते है।


पिहोवा। सरस्वती सरोवर का विहंगम दृश्य( फाईल फोटो)।


परमजीत सिंह

## निःशुल्क आवास व अटूट लंगर की व्यवस्था: डा. परमजीत

चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित आंखों व दांतों के अस्पताल के प्रबंधक डा. परमजीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा बावली साहिब में संत बाबा महिंद्र सिंह व बाबा लक्खा सिंह के सानिध्य में यात्रियों के लिए निःशुल्क आवास व अटूट लंगर की व्यवस्था की गई है उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में सजे धार्मिक दीवान में कीर्तन, जत्थे, गुरुवाणी व शब्द कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। मंहत बंशी पुरी के सानिध्य में श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर में और प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में भी भंडारों को व्यवस्था जारी है।


गोपाल कौशिक।

## चतुर्दशी व अमावस्या पर पूजा पाठ अत्यंत फलदायी: गोपाल कौशिक

तीर्थ पुरोहित एवं सरस्वती तीर्थ सेवादल के प्रधान गोपाल कौशिक ने बताया कि चतुर्दशी व अमावस्या पर मृत पूर्वजों और पितरों को समर्पित पूजा पाठ, अनुष्ठान व तर्पण करने के लिए अत्याधिक फलदायी माना जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, ब्राह्मण सहित जरूरतमंदों को दान व भोजन आदि करवाने से कई गुना पुण्य की प्राप्ति होती है। जहां एक और यात्रियों की सुख सुविधाओं को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं वहीं नगर की अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की ओर से भी यात्रियों के लिए आवास व भंडारो की व्यवस्था की गई है।

## खबर संक्षेप

### चेत्र चौदस मेले का शुभारंभ आज

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में तीन दिवसीय चेत्र चौदस मेले का शुभारंभ आज वीरवार को होगा। चेत्र चौदस मेले का उदघाटन सूचना प्रसारण केंद्र में उपायुक्त कुरुक्षेत्र नेहा सिंह द्वारा किया जाएगा। एसडीएम कपिल कुमार ने यह जानकारी बुधवार को सरस्वती तीर्थ पर निरीक्षण के दौरान दी। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में हर वर्ष चेत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह मेला पूरे हर्षोल्लास व भव्यता के साथ उपमंडल में 27 मार्च से 29 मार्च 2025 तक मनाया जाएगा।

### सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग के नए सत्र के लिए प्रवेश उत्सव की प्रभावपूर्ण शुरूआत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन, खंड थानेसर से की। जहां शिक्षा रथ को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक व खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मुहीम का उद्देश्य है 100% नामांकन, जीरो ड्राप आउट व छात्र संख्या में वृद्धि। विनोद कौशिक ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में जो सुविधाएं दी जाती है व विभाग की जो योजनाएं छात्र छात्रों के लिए है।

### लोक विधा फोटोग्राफी पर ट्रेनिंग कार्यक्रम 28 को

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में शुक्रवार को फोटोग्राफी क्लब द्वारा ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महासिंह पूनिया शिरकत करेंगे और इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और ट्रेनर रणबीर फोगाट रहेंगे।

### विद्यार्थियों ने किया मनाली का शैक्षणिक भ्रमण

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए मनाली के लिए भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने हिडिम्बा मंदिर, वशिष्ठ मंदिर, सोलंग घाटी और मणिकरण का दौरा किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रीय पौधों की विविधता और अनुकूलन का अध्ययन करना था। देवदार, रोडोडेंड्रोन आर्बोरियम, पिनस रॉक्सबर्गी और अन्य पौधों सहित विभिन्न प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया।

## एडीसी ने हैवी ट्रैफिक रोकने को लेकर निरीक्षण के दिए निर्देश

# एनएच-44 से सर्विस रोड के लिए निकासी व प्रवेश के लिए बनेंगे अलग-अलग मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि पिपली चौक के 2 किलोमीटर की परिधि में सडक दुर्घटनाओं में मृत्यु का आंकडा बढ़ रहा है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए राष्टद्रीय राज मार्ग के अधिकारियों को संज्ञान लेने के निर्देश दिए गए थे। इन निदेर्शों के बाद अब एनएच-44 पर सर्विस रोड पर आने और सर्विस रोड से एनएच-44 पर जाने के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए जाएंगे। इस कार्य को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इससे सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। एडीसी सोनू भट्टद्द बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए निरीक्षक जोगिन्द्र सिंह ढुल ने जिला सडक सुरक्षा कमेटी के एजेंडे के तमाम बिन्दुओं को हाउस के समक्ष रखा। एडीसी सोनू भट्टद्द ने कहा कि फरवरी माह में सडक दुर्घटनाओं के 38 मामले दर्ज किए गए और इन दुर्घटनाओं में 22 लोगों की मृत्यु हुई है। इसलिए पिपली चौक सडक दुर्घटनाओं के मामले में अति संवेदनशील जगहों में गिना जाता है। इस पिपली चौक के आस-पास सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है। इस चौक के आस-पास नप के अधिकारी नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रखेंगे। एडीसी ने कहा कि पुलिस और एनएच-44 के अधिकारी पिपली चौक के आस-पास सर्विस लेन को चौड़ा करने के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए व अन्य प्रबंध करने के लिए एसडीएम थानेसर के नेतृत्व में मौके का निरीक्षण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सडक सुरक्षा कमेटी के एजेंडों पर जल्द से जल्द कार्य करेंगे। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं होगी। सभी अधिकारी आपस में पत्र लिखने की बजाए व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करना सुनिश्चित करे ताकि एक एजेंडा बार-बार हाउस के समक्ष ना रखा जाए। आरटीए इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ने जिला रोड सेफ्टी की पिछली बैठक के एजेंडों पर विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्रवाई को पीपीटी के माध्यम से सबके समक्ष रखा और 11 नए एजेंडों को भी बैठक में रखा। इस मौके पर एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया,एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम डा.चिनार चहल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करती एडीसी सोनू भट्ट।

### वन विभाग को दी एनओसी

एडीसी सोनू भट्ट ने लाडवा इन्द्री रोड पर सडक के बीचो-बीच पेड़ को काटने के लिए हाउस में ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को वन विभाग के पक्ष में एनओसी जारी करने के आदेश दिए और हाउस के समक्ष ही पीडब्लयूडी ने एनओसी जारी कर दी है। अब सडक के बीचों-बीच खड़े पेड़ को काटकर सडक को दुरुस्त कर दिया जाएगा। इससे सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

### स्कूल बसों की निरंतर चेकिंग के आदेश

एडीसी सोनू भट्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा को जहन में रखते हुए स्कूल की बसों की निरंतर चैकिंग की जाए। यह चैकिंग उस समय की जाए जब यह बसें स्कूल में खड़ी हो। अगर स्कूली बसों में आदेशों की पालना नहीं हो रही तो कार्रवाई करना भी सुनिश्चित की जाए।

### उमरी चौक से पावर ग्रिड कालोनी और आयुर्वेदिक चौक की तरफ मार्ग पर कमेटी करेगी निरीक्षण

एडीसी सोनू भट्ट ने हाउस के समक्ष रखे गए 11 से ज्यादा नए एजेंडों के अलावा ऑन दॉ स्पॉट उमरी चौक से पावर ग्रिड कालोनी और पावर ग्रिड से आयुर्वेदिक कॉलेज चौक और इस चौक से केडीबी रोड पर स्थित लायंस कल्ब चौक तक हैवी ट्रैफिक को रोकने का विषय रखा गया। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए एडीसी सोनू भट्टद्द ने कहा कि नगर परिषद के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मुयाना करेंगे और हैवी ट्रैफिक को रोकना सुनिश्चित करेंगे।

### *टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का निर्माण जल्द किया जाए पूरा*

*एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि शहर में मिजार्पुर कैथल रोड, गुरुकुल, थर्ड गेट, पुलिस लाईन, पुराने रेलवे स्टेशन के पास सहित अन्य जगहों पर टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इनमें से एक जगह पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और दो जगहों पर कार्य प्रगति पर है, इसलिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारी समय रहते इसे पूरा करें।*

### *68 लाख की लागत से लगेंगी ट्रैफिक लाइट और बलिंकर*

*एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए नगर परिषद की तरफ से पिपली चौक, नए बस स्टैंड और अन्य स्थानों पर ट्रैफिक लाईट लगाई जाएंगी। इन ट्रैफिक लाईट की जगहों को फाईनल करने के लिए एसडीएम थानेसर की अध्यक्षता में कमेटी मौके का जायजा लेगी। इसके अलावा शहर में करीब 40 बलिंकर भी लगाए जाएंगे।*

## किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मंडियों में हेल्प डेस्ट करे स्थापित

जिले में इस बार 5.7 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य


कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करती एडीसी सोनू भट्ट।

- अतिरिक्त उपायुक्त ने गेहूं खरीद कार्य के प्रबंधों की संबंधित अधिकारियों के साथ ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि गेहूं खरीद के सीजन में किसानों को आने वाले समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के लिए सभी मंडियों में हेल्प डेस्ट स्थापित किये जाए। डेस्ट पर पटवारी, कृषि विभाग, मार्केट कमेटी के अधिकारी को नियुक्त किया जाए। ऐसा होने से किसानों को समस्या आई तो मौके पर ही समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों में सबसे ज्यादा समस्या गेहूं का उठान समय पर ना होने से आती है। इस बार इसका पहले ही समाधान तय करके रखें और 48 घंटे में उठान करवाना सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं किसानों की पेमेंट भी निर्धारित समय 72 घंटे के भीतर उनके खातों में चली जानी चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में रबी सीजन 2025 में गेहूं खरीद कार्य के प्रबंधों को लेकर आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों से समीक्षा कर रहे थे।

### फूड सप्लाई विभाग, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउस करेगा खरीद कार्य

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला में गेहूं खरीद का कार्य फूड सप्लाई विभाग, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउस को सौंपा गया है। जो निर्धारित शैडयूल के अनुसार अपनी मंडियों से खरीद करेंगे। सभी एजेंसियां अपने लक्ष्य के हिसाब से संबंधित मंडियों में बारदाना उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ताकि खरीद का कार्य समयबद्ध और व्यवस्था के साथ चले। जिला में इस बार 5.7 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। सभी एसडीएम को 30 एकड़ से ज्यादा भूमि की स्पेशल गिरदावरी को समय पर किया जाए। बैठक के दौरान ने पुलिस ने सभी मार्केट कमेटी सचिव से लेबर का रिकॉर्ड बनाने की अपील की। इसमें उनका संपर्क नंबर, आईडी व अन्य जानकारी एकत्रित की जाए। इस मौके पर एसडीएम थानेसर अमन कुमार, एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया, एसडीएम शाहबाद डा. चिनार चहल, डीएफएससी सुरेन्द्र सैनी, उप कृषि निदेशक कर्मचंद, मंडियां के मार्केट कमेटी सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी।

## अष्टकोशी परिक्रमा करने से मिलती है पितरो को मुक्ति : तजिंद्र सिंह गोल्डी

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सेक्टर 8 में जिला अध्यक्ष सरदार तेजिंदर सिंह गोल्डी की अध्यक्षता में चैत्र कृष्ण चतुर्दशी, 28 मार्च को अष्टकोशी परिक्रमा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाईस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने कहा कि यह परिक्रमा आदिकाल से चलती आ रही है, लेकिन बीच में कुछ कालखंड में इस यात्रा पर जाने वाले साधु संत कम संख्या में रहे लेकिन फिर भी यह वर्षो से चल रही है इस वर्ष इसको अच्छी योजना बनाकर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के मार्गदर्शन में इसका आयोजन किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे तेजिंदर सिंह गोल्डी ने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकतार्ओं से आह्वान किया कि सभी भाजपा कार्यकर्ता इस परिक्रमा में शामिल हों। उन्होंने कहा इस परिक्रमा करने से पूर्वजों को मोक्ष होता है और अक्षय लाभ की प्राप्ति होती है। इसलिए सभी कार्यकतार्ओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में यह परिक्रमा करनी चाहिए।

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य डॉक्टर ऋषिपाल मथाना व अशोक रोशा ने परिक्रमा स्थलों की जानकारी दी और बताया कि यह यात्रा नाभिकमल मंदिर थानेसर से शुरू होकर चिटा मंदिर रंतुक यक्ष पीपली से होती हुई गांव दयालपुर, मिजार्पुर व नरकातारी से होकर शाम को नाभी कमल तीर्थ, दर्रा खेडा, मे ही संपन्न होगी।

## वातावरण की स्वच्छता के लिए यज्ञ जरूरी

- कुरुक्षेत्र में आयोजित महायज्ञ में पहुंचे हरियाणा सरकार में मंत्री विपुल गोयल, राजेश नागर, गौरव गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1008 जन कल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में शामिल होने हरियाणा सरकार में मंत्री विपुल गोयल, राजेश नागर, गौरव गौतम विशेष रूप से धर्मनगरी कुरुक्षेत्र पहुंचे। सभी ने दिव्य महाआरती में भाग लिया। यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी से आशीर्वाद लिया। केबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि वातावरण की स्वच्छता के लिए यज्ञ जरूरी है। ऐसे आयोजनों से श्रद्धालुओं में जहां धर्म और अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ती है, वहीं वातावरण भी शुद्ध होता है। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ऐसे आयोजन का होना धर्मप्रेमियों में लिए बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने हर घर यज्ञ, घर घर यज्ञ की मुहिम चलाने के लिए महायज्ञ आयोजन समिति को बधाई दी। खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि महायज्ञ और दिव्य महाआरती में शामिल होकर उन्हें अत्यधिक आनंद की अनुभूति हुई है। ऐसे आयोजन लगातार होते रहने चाहिए। इस मौके पर उनके साथ भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष साहिल सुधा भी मौजूद रहे। महायज्ञ में शिक्षा विभाग के कई अधिकारी विद्यार्थी भी शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, खण्ड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, डीएमएस तरसेम कौशिक, अतुल शास्त्री, विजेंदर शर्मा सहित लगभग 500 से अधिक छात्राओं ने भी महायज्ञ में भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां डालीं, सत्संग प्रवचन में भाग लिया।


लाडवा। शिव महापुराण सुनते कथावाचक महेश गुरुजी व उपस्थित श्रोतागण।

## भगवान की कथा हमें निष्काम निर्दोष, उज्जवल बनती है : आचार्य

**लाडवा।** भगवान की कथा के श्रवण से हमारे पूर्व जन्मों के कर्मों का क्षय हो जाता है। भगवान की कथा हमें निष्काम निर्दोष उज्जवल बनती है लाडवा की शिवाला राम कुंडी में बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम द्वारा आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा में दूसरे दिन की कथा करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक महेश गुरूजी ने शिव महापुराण के दिव्य प्रसंगों की व्याख्या की। आचार्य ने कहा कि प्राचीन काल में एक बार ब्रह्मा और विष्णु के मध्य युद्ध हुआ तो उनके बीच स्तंभ रूप में शिवजी प्रकट हो गए। इस प्रकार उन्होंने पृथ्वीलोक का संरक्षण किया। उसी दिन से महादेव जी का लिंग के साथ-साथ मूर्ति पूजन भी जगत में प्रचलित हो गया। शिवजी के लिंग और मूर्ति, दोनों रूप ही पूजनीय हैं। दूसरे दिन की कथा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने कथा श्रवण की। आयोजक बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम की ओर से मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल व अमित गोयल ने कैलाश सैनी, श्रीमती मधु गर्ग, मंडल प्रधान शिव गुप्ता, व पवन गर्ग रादौर का तुलसी भेंटकर स्वागत किया गया।

## रिफाइंड तेलों और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर सख्त कानून जरूरी: सांसद नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



सांसद नवीन जिन्दल ने संसद में रिफाइंड सीड्स तेलों और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य खतरों का मुद्दा उठाया। उन्होंने सख्त नियमों, पारदर्शिता, और उपभोक्ता जागरूकता की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि जनता को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार मिले। सांसद नवीन जिन्दल ने इकोनोमिक सर्वे 2024-25 का हवाला देते हुए कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड और चीनी की बढ़ती खपत भारत के नागरिकों के लिए गंभीर खतरा है। खाद्य पदार्थों में से, बार-बार किए गए रिफाइनिंग प्रोसेस के कारण पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और हानिकारक ट्रांस फैट उत्पन्न होते हैं, जिससे हृदय रोग, डायबिटीज और मोटापा जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन खाद्य उत्पादों में अत्यधिक कैमिकल प्रिसरवेटिव, और हानिकारक फैट होते हैं, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देते हैं।

**श्रद्धा** 30 मार्च 2025 से नया सम्वत 2082, सिद्धार्थी नाम से होगा आरंभ

# मां दुर्गा की पूजा करने से मिलती सुख शांति : सुरेश मिश्रा

- प्रति वर्ष विक्रम संवत का नया साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से शुरू होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश व हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन पिपली के चैयरमेन ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉक्टर मिश्रा ने बताया कि 30 मार्च 2025 रविवार से नया सम्वत 2082, सिद्धार्थी नाम से आरंभ होने वाला है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नया हिंदू वर्ष शुरू हो जाता है। प्रति वर्ष विक्रम संवत का नया साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन की थी। नवरात्रि व्रत भी इसी तिथि से प्रारंभ होता है। 2082 सम्वत के राजा सूर्य व मंत्री सूर्य है। भारत देश की आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक उन्नति होगी। नवसंवत्सर के राजा सूर्य होने से तकनीकी क्षेत्र में देश को बड़ी उपलब्धि प्राप्त होगी। धन-धान्य में वृद्धि होगी। मंत्री सूर्य होने के प्रभाव से लोगों में देश भक्ति बढ़ेगी। रविवार को प्रातः काल शुद्ध स्नान करके संवतसर पूजन, घटस्थापन, ॐ कार सहित पंचदेव पूजन करना चाहिए। श्रीदुर्गा सप्तशती का पाठ व नवार्ण मंत्र और विशेष मंत्रों का जप साधक अपने पूजा स्थान में श्रद्धा पूर्वक करें। श्रीगुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने माँ दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की जो मुख्य ग्रंथ चण्डी दी वार नाम से प्रसिद्ध है। 30 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक विशेष नवरात्रि व्रत रहेगा।

### साधक विशेष नवरात्रों में क्या करें


डा. सुरेश मिश्रा।

नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इस दिन मां दुर्गा के बालिका अवतार की पूजा होती है। मां शैलपुत्री को सफेद चीजों का भोग लगाया जाता है। इस दिन भक्त पीला वस्त्र पहनकर मां को घी चढ़ाते हैं और उनकी अराधना करते हैं। नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्माचारिणी रूप में पूजा की जाती है इस दिन भक्त हरा वस्त्र पहनकर उन्हें शक्कर का भोग लगाते हैं। नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। इस दिन भक्त मां को दूध या खीर चढ़ाते हैं। कहा जाता है ऐसा करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। चौथा दिन होता है मां कुष्मांडा का। इस दिन मां को मालपुए का भोग लगाया जाता है और नारंगी रंग के वस्त्र पहने जाते हैं। ऐसा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है। नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कन्दमाता की पूजा की जाती है। इस दिन उजला वस्त्र पहनकर शक्ति रूपी मां दुर्गा को केले का भोग लगाया जाता है। छठे दिन मां कात्यायिनी की पूजा होती है। इस दिन लाल कपड़ा पहनकर मां को शहद का भोग लगाया जाता है। जिससे मां का आशीर्वाद प्राप्त होता है। सातवें दिन पूजा की जाती है मां कालरात्रि की। इस दिन नीला वस्त्र पहनकर मां वो गुड़ का भोग लगाया जाता है और ब्राह्मणों को भी दान किया जाता है। नवरात्र का आठवां दिन होता है मां महागौरी का। इस दिन गुलाबी वस्त्र पहनकर मां को नारियल का भोग लगाया जाता है। ऐसा करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर की भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

**अंबाला।** अंबाला कैंट स्थित सेना भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) द्वारा फरवरी माह में आयोजित क्लर्क/स्टोर कीपर (तकनीकी) के लिए अग्निवीर की भर्ती परीक्षा का परिणाम ज्वाइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित कर दिया गया है। जिन उम्मीदवारों का रोल नंबर उपरोक्त परिणाम में प्रकाशित है। दस्तावेजीकरण के लिए 28 मार्च, 2025 को सुबह 09:00 बजे भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) अंबाला कैंट में रिपोर्ट करना होगा। उम्मीदवार अपना परिणाम वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### बराड़ाः कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार

बराड़ा। साहा पुलिस ने सूचना के आधार पर एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अभिषेक उर्फ कटप्पा एक कमानीदार चाकू के साथ अनाज मंडी गेट साहा के सामने खड़ा है। वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। आरोपी पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से कमानीदार चाकू बरामद हुआ।

### डेरा बेगमपुरा में विशाल संत समागम 2 को

**बराड़ा।** गांव तंदवाली स्थित डेरा बेगमपुरा में रविदासिया धर्म को समर्पित विशाल संत समागम 2 अप्रैल को होगा। डेरे के गद्दीनशीन श्री 108 संत सोमदास उदासीन ने बताया कि संत श्री बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट तंदवाली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में श्री 108 संत मनदीप दास डेरा सिरसगढ़ शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री 108 संत धर्मदास डेरा लाडवा करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 4 बजे अमृतवाणी के पाठ से होगा।

### शुभकामना यज्ञ किया आयोजित

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के यशस्वी प्रधान एवं पद्मश्री अलंकृत डॉ. पूनम सूरी के जन्मोत्सव के अवसर पर शुभकामना यज्ञ का आयोजन किया गया। विद्यालय के यज्ञशाला में हवन कर प्रधान के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। यज्ञ के ब्रह्मा ने बताया कि डॉ. पूनम सूरी का जन्मदिन पूरे देशभर में डीएवी संस्थानों में यज्ञ के माध्यम से मनाया जा रहा है। प्रिंसिपल सुनीता कपूर ने डॉ. पूनम सूरी द्वारा शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।

### एमपीएन कॉलेज में एआई पर व्याख्यान

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज मुलाना में चल रहे सात दिवसीय कैंप के दूसरे दिन की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जय भगवान के नेतृत्व में योग सत्र से हुई। इसके पश्चात साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता परविंदर सिंह लांबा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। बुजुर्ग और युवा साइबर ठगी के सबसे बड़े शिकार बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमें अपने बैंक खातों और सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इस दौरान डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि इंटरनेट के इस दौर में साइबर सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन चुका है।

### मनमोहन नगर में संकीर्तन कार्यक्रम

**अंबाला।** श्री सालासर खाटू श्याम सेवा सदन द्वारा सद्दोपुर रोड, नज़दीक राधा स्वामी सतसंग भवन, मनमोहन नगर में श्रीमद् भागवत कथा, विशाल मूर्ति स्थापना एवं संकीर्तन कार्यक्रम 3 अप्रैल से रविवार 12 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। यहां पर श्री राम मन्दिर तथा 51 फुट हनुमान की भव्य प्रतिमा आकर्षण का विशेष केंद्र रहेंगे। 10 दिवसीय इस कार्यक्रम में 3 से 9 अप्रैल तक भागवत कथा, 10 अप्रैल को मूर्ति स्थापना, 11 अप्रैल को निशान व शोभा यात्रा तथा 12 अप्रैल 2025 को महा संकीर्तन का आयोजन होगा।

# सेल्फ स्टडी पर फोकस करें छात्र, जीवन की चुनौतियों से निर्भय होकर आगे बढ़ें

## राजकीय आदर्श संस्कृति वमावि में आयोजित जिला स्तरीय मिशन बुनियाद परीक्षा स्तर 3 कार्यक्रम में बोले डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि स्वयं सीखना, स्वयं सिखाना और स्वयं को प्रेरित करना ही सफलता की कुंजी है। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने व जीवन मे सफल होने के लिए सेल्फ लर्निंग, सेल्फ टीचिंग व सेल्फ मोटिवेशन बहुत जरूरी है। इसलिए जीवन मे लक्ष्य निर्धारित कर उसको पाने के लिए संघर्ष करें और जीवन की हर चुनौतियों से लड़ते हुए आगे बढ़े। डीसी राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबाला शहर मे आयोजित जिला स्तरीय मिशन बुनियाद परीक्षा स्तर 3 कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि के रूप पंहुचे थे।

**खास बातें**

- डीसी ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया
- स्वयं सीखना स्वयं सिखाना और स्वयं को प्रेरित करना ही सफलता की कुंजी

**परिजनों का सम्मान**


अंबाला। बच्चों के परिजनों को सम्मानित करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य। फोटोः हरिभूमि

**चुनौतियों से लड़ने को तैयार रहें**

इस मौके पर मिशन बुनियाद, सुपर 100 व अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों को उनके जीवन मे आने वाली चुनौतियों से लड़ने के लिए सदैव तैयार रहने व उनसे कैसे लड़ कर जीवन मे आगे बढने को लेकर प्रेरित किया। इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने उपायुक्त का कार्यक्रम मे पंहुचने पर पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया। उपायुक्त ने दीप प्रज्जवल्लित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद व सुपर 100 कार्यक्रम के माध्यम से देश की सबसे बडी अकादमिक परीक्षा नीट, जेईई के लिए तैयारी करवाकर उन्हें उतीर्ण कर विभिन्न क्षेत्रो मे अच्छा करियर सुनिश्चित करना है ताकि यह विद्यार्थी देश और समाज की मुख्य धारा से जुडकर देश को आगे बढ़ाने मे अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

**बच्चों के प्रथम प्रेरक उनके अभिभावक**

बच्चों का प्रथम प्रेरक उनके अभिभावक होते है उसके बाद शिक्षक इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को समय-समय पर प्रेरित करते रहना चाहिए। उपायुक्त ने इस दौरान अपनी सरकारी स्कूली शिक्षा से लेकर आईएएस बनने तक का सफर का अनुभव सांझा करते हुए विद्यार्थियों को जीवन के हर पड़ाव मे आने वाली चुनौतियों से निर्भय होकर सामना करते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को शिक्षको द्वारा दी जा रही शिक्षा को पूरी मेहनत और लग्न से पढने के साथ-साथ इसके अलावा सेल्फ स्टडी करने पर जोर दिया।

**शॉल व स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित**

जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि सरकार हरियाणा प्रतिभा खोज योजना के तहत मिशन बुनियाद व सुपर 100 के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र मे तकनीकी ज्ञान मे निपुण बनाकर उनका एक अच्छा करियर सुनिश्चित करने को लेकर कार्य किए जा रहें है। मिशन बुनियाद स्तर-3 की परीक्षा करवाई गई है जिसमें जिले के 277 बच्चों ने परीक्षा दी और 250 बच्चें इसके लिए चयनित किए जाएंगे। मिशन बुनियाद को लेकर 5 सेंटर बनाए गए है जिनमें से बच्चों को अपनी पसंद का केंद्र चुनने का विकल्प दिया जाएगा।

## नगर निगम ऑफिस के पार्क में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं

# मेयर शैलजा सचदेवा की ताजपोशी फीकी निगम में बैठने के लिए नहीं मिला ऑफिस

**पूरा शहर ही मेरा ऑफिस, हर रोज शाम पांच बजे तक रहुंगी निगम में**

**सीनियर डिप्टी मेयर के ऑफिस के बाहर कर्मचारी ने मेयर की नेम प्लेट लगाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा की ताजपोशी पहले दिन ही फीकी हो गई। दरअसल शपथग्रहण के बाद बुधवार को मेयर शैलजा सचदेवा नगर निगम में पदभार ग्रहण करने पहुंची थी। भव्य तरीके से उनका अभिनंदन हुआ। इसके बाद उन्होंने निगम की सभी शाखाओं का मुआयना किया। इतना सब होने के बावजूद निगम की ओर से मेयर के लिए ऑफिस की व्यवस्था नहीं हो पाई।

पूर्व मेयर के इस्तीफे के तुरंत बाद ही उनके ऑफिस में सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा ने अपना डेरा जमा लिया था। निर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा की ताजपोशी के बावजूद अभी तक सीनियर डिप्टी मेयर ने पूर्व मेयर का ऑफिस खाली नहीं किया है। अब मेयर के लिए नए ऑफिस की तलाश हो रही है।

### लगाई नेम प्लेट

मेयर शैलजा सचदेवा के लिए ऑफिस की व्यवस्थाओं के बीच ही निगम की ओर से बुधवार को सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा के ऑफिस के बाहर ही शैलजा सचदेवा की नेम प्लेट लगा दी गई। निगम की इस हरकत के बाद नया विवाद शुरू हो गया। माना जा रहा है कि कि अब मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर एक ही ऑफिस में बैठेंगी। हालांकि इस बात को लेकर कोई राजी होने वाला नहीं है। सियासी तौर पर दोनों का अपना रुतबा है।


अंबाला। नगर निगम ऑफिस के बाहर पार्क में लोगों की समस्याएं सुनतीं मेयर शैलजा सचेदवा। फोटोः हरिभूमि

**समाधान के आदेश दिए**

ऑफिस को लेकर मेयर शैलजा सचदेवा ने भी जवाब दिया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को उन्होंने निगम में पदभार ग्रहण कर लिया है। मगर अभी तक उनके ऑफिस की व्यवस्था नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि वैसे तो उन्हें कार्यालय की कोई जरूरत नहीं है। पूरा शहर ही उनका कार्यालय है। उन्होंने निगम के पार्क मे बैठकर लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के समाधान के आदेश दिए गए। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि शहर के लोगों को राहत पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए वह लगातार लोगों की समस्याएं सुनने के लिए नगर निगम में आती रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे वाली मेयर नहीं हैं। वह दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक वाली मेयर हैं। निगम में शाम 3 बजे से शाम 5 बजे तक जनता दरबार लगाएंगी। शाम को निगम अधिकारी भी उपलब्ध रहते हैं।

**पंचकूला में नपा के 16 सदस्यों के साथ अध्यक्ष ने भी पद और निष्ठा की शपथ ली थी**

# बराड़ाः नपा निर्वाचित अध्यक्ष रजत ने संभाला कार्यभार बोले-विकास के मामले में हर वार्ड होगा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगरपालिका के निर्वाचित अध्यक्ष रजत मलिक ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। मंगलवार को पंचकूला में प्रदेश सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शपथ-ग्रहण समारोह में नपा के 16 सदस्यों के साथ अध्यक्ष रजत मलिक ने भी पद और निष्ठा की शपथ ली थी। संपन्न हुए चुनावों में 6307 मत प्राप्त कर विजयी हुए रजत मलिक ने भाजपा प्रत्याशी हरजिंद्र सिंह को 1993 वोटों के भारी अंतर से पराजित किया था। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर उन्होंने अपने समर्थकों और सदस्यों के साथ नगर के विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका के 16 वार्डों से सदस्यों ने भी पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के दौरान उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी और उनका कार्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया। रजत मलिक ने पदभार ग्रहण करने पर लोगों से मिले प्यार व आशीर्वाद को लेकर उनका आभार व्यक्त किया।


कार्यभार संभालने के मौके पर मौजूद अध्यक्ष रजत मलिक व सदस्य।

**करेंगे सामूहिक विकास**

रजत मलिक ने अपने संबोधन में भाजपा की पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान का आभार जताया। कहा कि वह भाजपा की एक वरिष्ठ नेता है। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्ड के साथ विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। आश्वासन दिया कि नगर के विकास, सफाई, जल निकासी और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। कार्यभार ग्रहण समारोह में सभी 16 वार्डों के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस समारोह के दौरान वार्ड नंबर 1 के पवन कुमार , वार्ड नंबर 2 के अमित कुमार, वार्ड नंबर 3 की दिव्या कपूर, वार्ड नंबर 4 के प्रवेश कुमार, वार्ड नंबर 5 की अर्चना देवी, वार्ड नंबर 6 से शमशेर सिंह, वार्ड नंबर 7 की राजकली, वार्ड नंबर 8 से हरभजन सिंह , वार्ड नंबर 9 से नरिंद्र कौर, 10 नंबर वार्ड से दिग्विजय सिंह, वार्ड संख्या 11 से विजय सिंह, वार्ड नंबर 12 की दीपा सैनी, वार्ड नंबर 13 के साहिल चावला, वार्ड नंबर 14 के संदीप वोहरा, वार्ड नंबर 15 के विजय छाबड़ा व वार्ड नंबर 16 की गुरजिंद्र कौर मौजूद रही।

**दिव्या सबसे कम उम्र की है सदस्य**



2 मार्च को हुए नगरपालिका के चुनावों में वार्ड न. 3 से दिव्या कपूर ने सबसे कम उम्र में सदस्य बनने का गौरव हासिल किया है। मात्र 25 वर्ष की उम्र में चुनी गईं दिव्या कपूर अपनी कड़ी मेहनत और जनसेवा के संकल्प के लिए जानी जाती हैं। 16 वार्डों से चुनें गए सभी सदस्यों में से वह सबसे कम उम्र की हैं।

**वार्ड -8 से हरभजन उम्रदराज सदस्य**



वार्ड नंबर 8 से हरभजन सिंह सबसे अधिक उम्र के सदस्य बनें हैं। 67 वर्ष की उम्र में भी उनकी ऊर्जा और जनता की सेवा का जज्बा देखते ही बनता है। चुनाव में उन्होंने अपने अनुभव और ईमानदार छवि के दम पर शानदार जीत दर्ज की। वर्षों का प्रशासनिक अनुभव और सेवा भावना क्षेत्र के विकास में भूमिका निभाएंगे।

**अंबाला सदर नप की अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने संभाला पद, विज ने दी बधाई**

# प्राथमिकता के आधार पर होगा विकास

- परिवहन मंत्री के मार्गदर्शन में चलते हुए हम सभी को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने बुधवार को नगर परिषद कार्यालय में पदभार संभाल लिया है। इस मौके पर कपिल विज ने नगर परिषद अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। उन्होंने इस मौके पर सभी नवनियुक्त सदस्यों को भी बधाई दी। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने कहा कि परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से अंबाला छावनी में अनगिनत विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। उनके प्रयासों से अंबाला छावनी सुंदर एवं विकसित हुआ है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि परिवहन मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में चलते हुए हम सभी को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करेंगे। सभी सदस्यों को साथ लेकर वार्डों में जो भी विकास कार्य होंगे। इस मौके पर नगर परिषद कार्यालय में एक समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी सदस्य मौजूद रहे। निगम के प्रशासक एवं एसडीएम विनेश कुमार ने नगर परिषद अध्यक्ष का स्वागत भी किया। मौके पर ईओ रविंद्र कुमार, सचिव राजेश कुमार, मनदीप सिंह, आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।


अंबाला। नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण को गुलदस्ता देते कपिल विज व अन्य।

**संत मोहन सिंह खालसा लबाना कॉलेज में आयोजित हुई एथलेटिक मीट**

# डिस्कस थ्रो स्पर्धा में अनमोल ने बाजी मारी, पलक को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स तीन दिवसीय एनुअल एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रिले रेस, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट थ्रो और ज्वेलिन थ्रो जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि एथलेटिक्स न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि स्टूडेंटस को जिला, राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर भी प्रदान करते हैं। डिस्कस थ्रो के खेल में अनमोल प्रथम, पलक द्वितीय स्थान पर व शीतल सैनी तृतीय रही। ज्वेलियन थ्रो में पलक प्रथम, पलक बीए दूसरे व जश्न कौर तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट थ्रो में पलक प्रथम, जशन द्वितीय, सुरभि तृतीय रही।

रिले रेस में पलक, कनिका, खुशनीत, रितु की टीम प्रथम रही। इसके अलावा महक, मुस्कान, शशि बाला, ज्योति की टीम दूसरे स्थान पर रही तो जसविंदर, अंजलि, कोमल, दीपा की टीम तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में डॉ. शशि खुराना, डॉ. दलजीत कौर, डॉ. पूजा बैरागी, मैडम मिन्नी सहित अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।


बराड़ा। खिलाडियों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल विज। फोटोः हरिभूमि

### छात्राओं को खुशी के महत्व और जल संरक्षण बारे किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र ने मार्च माह के महत्वपूर्ण दिवसों विश्व खुशी दिवस, विश्व जल दिवस और वीर शहीदी दिवस के अवसर पर एक विशेष ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया। यह सत्र डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें शलिनियों को खुशी के महत्व और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। सत्र में डॉ. सुषमा शर्मा ने विश्व खुशी दिवस के महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि खुशी केवल बाहरी उपलब्धियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारे मन की स्थिति और सोचने के तरीके से जुड़ी होती है। उन्होंने समझाया कि खुशी पाने के लिए हमें आभार व्यक्त करने की आदत डालनी चाहिए, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

**कार्यक्रम** सुखपाल स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# हेल्दी बेबी नयन, फोटोजेनिक हरजस, एक्टिव में वीर और ब्यूटीफुल हेयरस्टाइल में हरलीन अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सुखपाल स्कूल उगाला में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम से आयोजित की गई। किंडरगार्टन पास कर प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश करने वाले बच्चों की इस उपलब्धि को सम्मानित करने के लिए विद्यालय प्रांगण में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डिग्री एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे प्रधानाचार्य हरपाल सिंह एवं उप प्रधानाचार्या नवदीप कौर ने संपन्न किया। कार्यक्रम में प्लेवे, नर्सरी एवं केजी के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शानदार नृत्य प्रस्तुत किया जबकि नर्सरी के विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकगीत पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


बराड़ा। सुखपाल स्कूल उगाला में नन्हे-मुन्ने छात्र ग्रेजुएशन सेरेमनी में सम्मानित।

**टैलेंट हंट में बच्चों ने दिखाया हुनर**

ग्रेजुएशन सेरेमनी के साथ ही नन्हे बच्चों के लिए टैलेंट हंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें दो से तीन वर्ष की आयु के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों का मंच पर आत्मविश्वास देखने लायक था। हेल्दी बेबी के रूप में नयन को, फोटोजेनिक बेबी पुरस्कार हरजस को, एक्टिव बेबी वीर को, ब्यूटीफुल हेयरस्टाइल हरलीन को, बेस्ट ड्रेस्ड बेबी हरअजीज को, ब्यूटीफुल स्माइल के लिए बृहत को सम्मानित किया गया। विशेष गेम्स का भी आयोजन किया गया।

**डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया हवन यज्ञ**

# हवन में आहुतियां डालकर डॉ. पूनम सूरी के लंबे जीवन की हुई कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे प्रथम दिन शुभकामना यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के 77वें जन्म दिवस पर शुभकामना एवं आशीर्वाद देने हेतु आयोजित किया गया। इस यज्ञ में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी व समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु हेतु यज्ञ की पवित्र अग्नि में आहुतियां डाली। परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ. सूरी ने कहा कि पद्मश्री अलंकृत व आर्य रत्न डॉ पूनम सूरी एक अदिव्तीय प्रतिभा संपन्न व्यक्तित्व के स्वामी है। जिन्होंने अपने परिश्रम एवं अनवरत प्रयासों से डीएवी संस्थाओं में नई उर्जा का संचार किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005